सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-577
30/12/2018

मुख्यमंत्री ने ककोलत जल प्रपात का किया भ्रमण, सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 30 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड स्थित ककोलत जल प्रपात का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री सीढ़ियों से ऊपर चढ़ते हुए कुंड तक पहुंचे और जल प्रपात के उद्‌गम धार को देखा। मुख्यमंत्री ने यहां आने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मैं पहली बार यहां आया हूं और मुझे सुखद अनुभूति हो रही है। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव श्री रवि मनुभाई परमार एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री डी0के0 शुक्ला को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक जगह है और इको टूरिज्म के लिए बेहतर स्पॉट की यहां काफी संभावनाएं हैं। इसे विकसित करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि सीढ़ियों के अगल–बगल सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग की व्यवस्था की जाय। सीढ़ियों पर यहां आने वालों को असुविधा न हो इसके लिए सीढ़ियों के बीच–बीच में बैठने के भी इंतजाम किये जायें। लोगों को ऊपर चढ़ने के लिए एक्सक्लेटर आदि की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि यहां साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। सीढ़ियों के नीचे उतरने पर जो समतल जगह है, उस पर दुकान एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करने का भी मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली की भी यहां पर्याप्त व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यहां आने वाले पर्यटकों की हर सुविधा का विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि ककोलत आने वाले एप्रोच रोड को भी दुरुस्त किया जाए। मुख्यमंत्री वहां उपस्थित जन समूह से भी मिले और कहा कि इस जगह के सौंदर्यीकरण के लिए आप सबों का भी सहयोग चाहिए। यह पर्यटन के लिए उपयुक्त जगह है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। यहॉ मुख्यमंत्री ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री विजेंद्र यादव, पूर्व विधायक श्री कौशल यादव, अन्य जन प्रतिनिधिगण, पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव श्री रवि मनुभाई परमार, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री डी0के0 शुक्ला, स्पेशल ब्रांच के आई0जी0 श्री बच्चू सिंह मीणा, जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री एस0 हरि प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******